R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 55 अंक : 08 अगस्त 2025 विक्रम सम्वत् 2082 श्रावण पृष्ठ 44 लागत मूल्य : ₹ 6

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल-मुम्बई
## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

माहेश्वरी प्रगति मण्डल-मुम्बई के सभी सदस्यगण,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 67 वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, दि. 27 सितम्बर 2025 को सायं 6 बजे माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई -400002 में होगी जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार होगा :-

1. कार्यकालिक वृतान्त (01 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025) की स्वीकृति।
2. 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षक द्वारा ऑडिट किये गये हिसाब की स्वीकृति।
3. 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षक (ऑडिटर्स) की नियुक्ति एवम् उनका पारिश्रमिक निर्धारित करना।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

व्यवस्थापिका सभा के आदेशानुसार

मुम्बई

दिनांक : 13th अगस्त 2025

अशोक भराड़िया - मंत्री

**नोट :**

1. मण्डल का कार्यकालिक वृत्तान्त, ऑडिटेड हिसाब, बेलन्सशीट आदि का प्रारूप इसी 'सरसवाणी' में, मण्डल की Website : www.mumbaimaheshwari.com पर एवम् अगस्त 2025 ई सरसवाणी में उपलब्ध है।
2. कार्य सूची में निर्देशित विषयों पर आपकी जिज्ञासा, यदि कोई हो तो, लिखित रूप से मंत्री के नाम मण्डल कार्यालय, गिरगांव अथवा Email Id : info@mpmmumbai.in पर दिनांक 10 सितम्बर 2025 तक भिजवायें, जिससे उनके समुचित उत्तर देने में सुविधा होगी।

# भावी कार्यक्रम एक नजर में. . .

| | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | नन्दोत्सव | बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति | 22 अगस्त | 09 |
| 02. | Metwork 2.0 | मध्य मुम्बई युवा समिति | 23 एवं 24 अगस्त | 06 |
| 03. | सार्थक जीवन के सूत्र-परिचर्चा | संस्कार एवं सत्संग समिति | 24 अगस्त | 08 |
| 04. | श्री सिद्धिविनायक मन्दिर (पदयात्रा) | दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 26 अगस्त | 02 |
| 05. | गणेश विसर्जन - कचौड़ी विरतण | दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 06 सितम्बर | 02 |
| 06. | One Day Fun Day | अंधेरी क्षेत्रीय महिला समिति | 12 सितम्बर | 08 |
| 07. | Indoor Sports | केन्द्रीय युवा समिति एवं गोरेगांव युवा समिति | 14 सितम्बर | 44 |
| 08. | Medical Tips for Healthy Living | प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति | 14 सितम्बर | 08 |
| 09. | पिकनिक | मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियां | 21 सितम्बर | 07 |
| 10. | परिवार संग निसर्ग यात्रा | प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति | 12 अक्टूबर | 07 |
| 11. | Maheshwari Cricket Cup | अंधेरी क्षेत्रीय युवा समिति | 16 नवम्बर | 06 |
| 12. | श्रीलंका यात्रा | मालाड क्षेत्रीय समितियां | 10 से 16 दिसम्बर | 09 |
| 13. | श्रीमद् भागवत कथा | संस्कार एवं सत्संग समिति | 17 से 24 मई 2026 | 07 |

**दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति** द्वारा आयोजित





## श्री सिद्धिविनायक मन्दिर (प्रभादेवी) पदयात्रा

प्रस्थान : माहेश्वरी भवन, गिरगांव से प्रसादी के पश्चात्

मध्यरात्रि में मंगलवार दि 26 अगस्त 2025

**गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर श्री सिद्धिविनायक दर्शन**

बुधवार दि 27 अगस्त 2025 • प्रातः 4.30 बजे

समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम संयोजक – पवन झंवर – 93202 54084



गणेश विसर्जन के पर्व पर

## कचौड़ी वितरण

शनिवार 06 सितम्बर 2025 • सायं 5 बजे से

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

गणपती बाप्पा मोरया

अगले बरस तू जल्दी आ...

कार्यक्रम संयोजक – गजानन्द बिहानी – 93222 12249

निवेदक

मुरलीमनोहर तापड़िया - अध्यक्ष - 93230 15596 • किशनगोपाल सोमानी – संयोजक – 93245 81811

प्रिय स्वजनों,

जय श्रीकृष्ण।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम् और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है जिसकी जड़ें वैदिक साहित्य, उपनिषद, वेद, स्मृति, महाकाव्य तथा पुराणों और शास्त्रों में केवल धार्मिक आख्यान ही नहीं बल्कि मानव जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं नैतिक आयामों का अद्भुत समन्वय है।

भारतीय पुराण साहित्य में सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर धर्म, कर्म, भक्ति, नीति, लोकव्यवहार और मोक्ष का विस्तृत विवेचन मिलता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति को जीवन जिने की कला का दर्शन माना गया है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति वर्तमान और भविष्य के लिए नैतिकता व सदाचार का दीपक प्रज्ज्वलित करती है।

उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति कोष सामाजिक चेतना, विचार गोष्ठी दशम पुष्प में दि. 20 जुलाई 2025 को माहेश्वरी भवन अन्धेरी में जानेमाने Mythologist एवम् Writer श्री देवदत्तजी पट्टनायक ने सफल जिन्दगी के सूत्र विषय पर मौलिक मार्गदर्शन किया। आपने महाभारत व श्रीमद् भागवत की कथाओं के द्वारा तथा हमारे देवी देवताओं के स्वरूपों के दर्शन द्वारा मौलिक तत्त्वों का अनुसरण कर जीवन सार्थक करने का मार्ग बताया जिसे बिन्दुरूप में प्रस्तुत करता हूँ।

- कोई बात चुभती है अर्थात जिज्ञासा हो तो ज्ञान की गंगा-सरस्वती बहती है। ज्ञान अनन्त है, विश्व में भगवान के अलावा सर्वज्ञ कोई नहीं है अत: जिज्ञासु रहकर ज्ञान सम्पादित करते रहना सफल जीवन का प्राथमिक सूत्र है।
- माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति की कथा के माध्यम से दुनिया पर तलवार से अर्थात शस्त्र से नहीं अपितु तराजु से, व्यापार से, न्याय से राज कर सकते है।
- जितना दोगे उससे कई गुना आपको मिलेगा। कृष्ण-सुदामा की दोस्ती की कथा द्वारा इस सिद्धान्त का महत्त्व समझाया।
- कैलास पर विराजमान शिवपरिवार का दर्शन करवाते हुए नंदी, शेर, मोर, नाग एवं चूहा एक दूसरे के भोग व भोगी होने पर भी एक साथ भगवान महेश के सान्निध्य में सन्तोष से रह सकते हैं। इस दर्शन से सन्तोष धन का महत्त्व समझाया।
- हमें न केवल अपने लिये अपितु दुसरों की भूख मिटाने के लिये धन कमाना चाहिए। यह केवल सन्तोष धन से सम्भव होगा और स्वर्गलोक से भी श्रेष्ठ वैकुण्ठ लोक की प्राप्ति होगी जहां स्वयं लक्ष्मीजी आपका स्वागत करेगी।
- पाप पुण्य का हिसाब कभी समाप्त नहीं होता है। अच्छे कर्म से कमाया हुआ धन पुण्य और किसी के हक का छिना हुआ धन पाप इस प्रकार की Balance sheet यमराज के पास रहती है और लिए हुए ऋण को चुकाने के लिये पुनर्जन्म होता ही है, इस सिद्धान्त को हमेशा याद रखकर जीवन जिना चाहिये। सफल जीवन का यह सबसे महत्त्वपूर्ण सूत्र है!

कृपया Maheshwari Pragati Mandal, Mumbai के YouTube chanel पर इस व्याख्यान को अवश्य सुने।

साथियों, गणेशोत्सव समीप आ रहा है। मुम्बई में इसे सार्वजनिक रूप से एवं घरों में भी मनाया जाता है। आप सभी को गणेश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। आईये, बुद्धि के देव एवम् सुखकर्ता दु:खहर्ता श्री गणेशजी के स्वरूप का मौलिक दर्शन करते है।

卐 हाथी मस्तक विशाल ललाट - बुद्धि का विशाल सागर, विवेक व ज्ञान का भण्डार।

卐 छोटी आँखे - एकाग्र दृष्टि, सत्य की सृष्टि।

卐 बड़े कान - सुनो सबका मन, ग्रहण करो केवल सत्य वचन।

卐 सूंड लचीली - कार्य में कुशलता, जीवन में सरलता।

卐 बड़ा उदर - धैर्य का घर, सब अनुभवों को पचाने की क्षमता।

卐 चार भुजाओं का अलंकरण - अंकुश - मन पर नियंत्रण, पाश - बंधनों से सावधानी। मोदक - साधना का मधुर फल, वरमुद्रा - आशीष और मंगल कामना, एक दांत - अपूर्णता में पूर्णता का संदेश, मूषक वाहन - इच्छाओं पर नियंत्रण एवम् विनम्रता का दर्शन, त्रिपुंड तिलक - सत्य, रज, तम पर विजय का संकेत।

मंगल कामनाओं सहित, जय महेश।

विनम्र

Narayan Malpani

मुम्बई

दिनांक : 15 अगस्त 2025

नारायण मालपानी (अध्यक्ष)
98198 09211

## Information Technology Samiti presents

# Maheshwari Pragati Mandal's Mobile App

We are pleased to inform you that **Maheshwari Pragati Mandal's Mobile App** has been launched both for Apple as well as Android phones.

**You can download the App and get following benefits : -**

**i) Avail discounts on medicines and medical tests. You can get discount letter directly on App and don't need to visit Mandal office only to collect the discount letter.**

**ii) Information about Mandal Programs from Kendriya and Kshetriya Samitis and can register online.**

**iii) Update your profiles and add more family members online.**

**iv) Can get contact details of other Mandal members online.**

**1. How to download App: -**

- **To download on Apple phones please scan this QR code: -**
- **To download on Android phones please scan this QR code: -**

**2. Login Process: -**

a) **If the Mobile number is registered in Mandal records: -** Enter your mobile number and use the OTP to login.

b) **If Mobile number is not registered in Mandal records or an old mobile number (which is no more active) is registered in Mandal records**

- ✦ Enter your membership number, for example: LM2011 or NM5015
- ✦ The system will ask you, are you a member of Pragati Mandal. Answer YES.
- ✦ Next, enter your current mobile number and submit.
- ✦ Enter OTP received on your mobile and submit.
- ✦ Mandal staff will check your data and contact you. Then you login and update your profile on the App.

c) **If you are not a member and want to become member of Mandal**

- ✦ Enter your mobile number
- ✦ The system will ask you, are you a member of Pragati Mandal. Answer NO
- ✦ Fill up new membership form, pay fee online and submit

**3. Janganana : -**

a) First you update your own profile details.

b) In a similar way, all family members should download the MPM App, login and update their profiles.

c) The family head should go to his family profile. Add existing LM members in his family.

d) Add all other members from the family as Non-Members (NM) under his family. Please note: -

- ✦ There is NO membership fee for NM members
- ✦ There is NO minimum age for NM members. Even newly born can be added as a NM member under the family head.

e) After completing the above steps, please mark Janaganana as YES for the family head.

सुजय जाजु - अध्यक्ष - 98208 94443 ❖ सत्यनारायण सोमानी - संयोजक - 98210 81143




**अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी महा अधिवेशन**
**जोधपुर महाकुंभ 2026**
Govt. Polytechnic College, Jodhpur

**Maheshwari Global Expo 2026 Powered by MGC**

## मुम्बई प्रदेश माहेश्वरी सभा (सम्पर्क सूत्र)

| | | |
|---|---|---|
| **बिहारीलाल मालपानी** | **सुनील लावटी** | **दिलीप काबरा** |
| अध्यक्ष | मंत्री | महासभा कार्यसमिति सदस्य |
| +91 98198 41567 | +91 98203 07851 | +91 98210 35724 |
| **सुभाष मुंदड़ा** | **रमेश काबरा** | **रामावतार चांडक** |
| अर्थ मंत्री | संगठन मंत्री | प्रचार प्रसार मंत्री |
| +91 98210 92984 | +91 90826 60061 | +91 93234 50502 |

अंधेरी क्षेत्रीय युवा समिति
द्वारा आयोजित

REGISTRATION OPEN

# MAHESHWARI CRICKET CUP

Play **BOLD**, Score **GOLD**

UNDER-ARM TURF CRICKET



रविवार, 16 नवंबर, 2025
स्थल: अँधेरी वेस्ट

टीमें: पुरुष, महिलाएं, बच्चे

समय: सुबह 8 बजे से

**पंजीकरण की अंतिम तिथि: 15 सितम्बर 2025**

रजिस्टर करने के लिए स्कैन करें

निवेदक:

| अध्यक्ष | संयोजिका | कार्यक्रम समन्वयक | |
|---|---|---|---|
| आदित्य माहेश्वरी | कविता तापड़िया | चेतन काबरा | मोनिका लातुरिया |
| 9819239759 | 9820103531 | 9920853141 | 7045644948 |

मध्य मुम्बई क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

# Metwork 2.0

## Business Innovation & Ideation Workshop

2 days intensive workshop to inspire innovative ideas among new and existing businesses;

## Speaker & Mentor - Mr. Hitesh Porwal

Founder - Bizstart

### Highlights

- Turn ideas into ventures under a mentor
- Spot business opportunities using proven framework
- 1:1 mentoring to validate your concept
- Roadmap from idea validation to pitch deck
- Interactive workshops with real world case studies

### Who Can Register

- Anyone eager to pursue entrepreneurship
- Aspiring founders with ideas ready for validation
- Owners seeking fresh innovation in existing business

Scan to Register

प्राची जाजु - अध्यक्षा - 94227 03488
आदित्य मून्दड़ा - संयोजक - 90221 54434
आदित्य तोषनीवाल - कार्यक्रम संयोजक - 91679 15118

शनिवार, दि. 23 एवं रविवार, दि. 24 अगस्त 2025,
सायं 4.30 से 8.30 बजे तक
**स्थल :** माहेश्वरी भवन गिरगांव

संस्कार एवं सत्संग समिति द्वारा आयोजित

पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर सामुहिक



# श्रीमद् भागवत कथा



श्रीमद् भागवत् उपासक आचार्य श्री ब्रजेशजी महाराज

(श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारविन्द से

**रविवार दि. 17 मई से रविवार 24 मई 2026**

स्थान : माहेश्वरी भवन, श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक, प्रथम मंजिल, अंधेरी (प.)

42 वरिष्ठ समाजबन्धु (65 yrs. plus) यजमान रहेंगे। कृपया यजमान हेतु सम्पर्क करें।

निवेदक

हर्षद केला - अध्यक्ष - 98198 32445 ● गजानन्द गग्गड - संयोजक - 93209 69649

---

मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# पिकनिक - नक्षत्र फार्म्स रिसोर्ट, कर्जत



रविवार, दि. 21 सितम्बर 2025

समाज की पिकनिक एक साधारण मेल मिलाप नहीं है बल्कि एक विशेष अवसर होता है जो आपके मन को प्रफुल्लित कर आपको नई ऊर्जा और खुशियों से भर देता है।

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित है।

नाम लिखवाने के लिये कृपया सम्पर्क करें।

| निवेदक | अध्यक्ष / अध्यक्षा | | संयोजक / संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति | कैलाशचन्द्र राठी | 88791 40756 | प्रशान्त तोषनीवाल | 93264 19289 |
| मुलुण्ड महिला समिति | सीमा हेडा | 98922 54643 | पारुल माहेश्वरी | 98214 69522 |
| मुलुण्ड युवा समिति | विनय सोमानी | 99306 40648 | शैलेंद्र राठी | 98198 16594 |

---

रविवार, दि. 12 अक्टूबर 2025 प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक

प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति द्वारा आयोजित

# परिवार संग निसर्ग यात्रा

आओ बच्चों के साथ प्रकृति का दर्शन करें।

## महाराष्ट्र निसर्ग उद्यान, धारावी, मुम्बई

**विशेष आकर्षण**

Butterfly Garden • Astral Garden • Fruit Tree Section
Medical Plants • Vermicomposting Plants • Aromatic Plants Nursery

समाजबन्धु अपने बच्चों के साथ अवश्य पधारें।

नाम लिखवाने के लिये कृपया सम्पर्क करें।

CA सुशील माहेश्वरी -अध्यक्ष - 96193 91444 • Dr. बजरंगलाल माहेश्वरी -संयोजक - 93222 33166


Dr. आदित्य मूना - कार्यक्रम संयोजक - 98331 04214

अन्धेरी क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

A fun filled day book your seat now


# ONE DAY FUN DAY !






**Housie, अन्ताक्षरी, loads of games, DJ,**

**Surpise gifts.... and much more....**



**शुक्रवार, दि. 12 सितम्बर 2025**

**समय : प्रातः 10.00 से सायं 5.30 बजे तक**



**स्थल :** माहेश्वरी भवन,
श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक, ओशिवरा, अन्धेरी
अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।

निवेदिका

सुरेखा बिहानी - अध्यक्षा - 93213 34231 • सुनिता मुंदडा - संयोजिका - 93242 53096

---

**स्थल :**
माहेश्वरी भवन,
श्रीराम तापड़िया मार्ग,
माहेश्वरी भवन चौक,
अंधेरी (प.)

## संस्कार एवं सत्संग समिति

द्वारा आयोजित

रविवार
दि. 24 अगस्त 2025
प्रातः 10.15 बजे से

**परिचर्चा (A Talk Show)**

## सार्थक जीवन के सूत्र

**(Principle of Meaningful Life)**

**वक्ता : श्री वीरेन्द्रजी याज्ञिक**

Renowned Spiritual & Motivational Speaker & Writer

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

हर्षद केला - अध्यक्ष - 98198 32445 • गजानन्द गग्गड़ - संयोजक - 93209 69649

कार्यक्रम के पश्चात् भोजन की व्यवस्था है।

---

प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति द्वारा आयोजित

## Medical Tips For Healthy Living

***An Informative Session by renowned Senior Doctors***

**डॉ. मंगेशजी देशपांडे, MD (Ayurveda)**

**डॉ. कपिलजी राठी, MD (Medicine)**

**डॉ. विलासजी लड्ढा, BAMS**

रविवार,
दि. 14 सितम्बर 2025,
सायं 4 से 7

माहेश्वरी भवन,
श्रीराम तापडिया मार्ग,
अंधेरी (प.)

For Registration Scan QR Code

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

निवेदक

सी.ए. सुशिल माहेश्वरी - अध्यक्ष 96193 91444

डॉ. बजरंगलाल माहेश्वरी - संयोजक 93222 33166

डॉ. विजय काबरे - कार्यक्रम संयोजक 98922 96562

मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# एक खुशियों भरी श्रीलंका यात्रा समाजबन्धुओं के संग





Explore the Magic of Sri Lanka


Nuwara Eliya, Bentota, Colombo

**7 Days & 6 Nights**

बुधवार 10 से मंगलवार 16 दिसम्बर 2025

**श्रीलंका** जहाँ आपको एक साथ रोमांच और शान्ति का अनोखा अनुभव मिलेगा।





आज ही अपना नाम रजिस्टर करें!

अधिक जानकारी एवं नाम लिखवाने के लिये कृपया सम्पर्क करें।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | | संयोजक/संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| मालाड क्षेत्रीय समिति | गोपाल राठी | 98201 30862 | गौतम मानधनिया | 98194 21252 |
| मालाड महिला समिति | कला कासट | 79772 14168 | सुनीता सारडा | 93247 48773 |
| मालाड युवा समिति | सागर सोनी | 97573 63987 | अंकित काबरा | 98193 64345 |

**शुक्रवार,**
**दि. 22 अगस्त 2025**
**दोपहर 3.00 बजे**

बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

# नन्दोत्सव



**स्थल :** माँ मांगल्य भवन, न्यू लिंक रोड, औरा होटल के पास, बोरीवली (प.)

सभी बहनें सादर आमंत्रित है।



निवेदिका

संगीता माहेश्वरी - अध्यक्षा - 98207 13770 • सुनिता लोया - संयोजिका - 97693 42006

विज्ञापन

+91 9699944544
jhaversmriti980@gmail.com



SMRITI JHAVER
Business Partner

TATA AIA LIFE INSURANCE
Manipal Cigna
TATA AIG INSURANCE WITH YOU ALWAYS

FINANCIAL PLANNERS | HEALTH | HOME | MOTOR
TRAVEL | 2 WHEELER | OFFICE | MARINE

*Plans Starts From New Born Till Retirement*

FINANCIAL & LIFE PLANNER FOR NEW BORN BABIES, STUDENT'S EDUCATION, PROTECTION & SAVING PLANS, RETIREMENT & PENSION PLANS, HEALTH & MEDICLAIN PLANNER

Co - Partner with
ICICI, KOTAK, BAJAJ, HDFC, NIVA BHUPA

15th Floor, Tower A, Pennisula Business Park, Gk Marg, Lower Parel, Mumbai - 400 013

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई
## 66 वाँ कार्यकालिक वृत्तान्त

**सम्माननीय बन्धुओं एवम् बहनों,**

सम्माननीय बन्धुओं एवम् बहनों,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल (मण्डल) की 67 वीं वार्षिक साधारण सभा के पटल पर, मण्डल का 66 वाँ कार्यकालिक वृत्तान्त (दिनांक 01.08.2024 से 31.7.2025 तक), 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लेखा-परीक्षक द्वारा Audited accounts एवम् 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का व्यवस्थापिका सभा द्वारा पारित आय-व्यय एवम् पूंजीगत बजट, आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है।

### मण्डल की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

#### न्यास मण्डल

मण्डल की समस्त चल अचल सम्पत्ति के संरक्षण एवम् संवर्धन का दायित्व न्यास मण्डल पर है। माहेश्वरी भवन गिरगांव, विशेष रूप से बाहरगांव से मुम्बई में चिकित्सा हेतु आने वालों के लिए एवम् मांगलिक प्रसंगों हेतु उपयोग में लिया जाता है। माहेश्वरी भवन अंधेरी, विशेष रूप से Welfare Centre (सामाजिक,आध्यात्मिक, प्रेरणादायी,मांगलिक कार्यक्रमों) तथा Library हेतु उपयोग में लिया जाता है।

बोरीवली प्लॉट मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु उपयोग में लिया जा रहा है।

घाटकोपर भवन एवम् गोरेगांव फ्लैट समितियों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु बहुत ही उपयोगी एवम् सुविधाजनक है तथा उपयोग में लिये जा रहे हैं।

उपरोक्त सभी भवन /प्लॉट स्वास्थ्य चिकित्सा (होम्योपैथिक/ फीजियोथेरेपी) हेतु भी उपयोग में लिये जा रहे हैं। उपरोक्त सम्पत्ति की व्यवस्था एवम् रख -रखाव के कार्य न्यास मण्डल द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सम्बन्धित व्यवस्था समितियों की देखरेख में सम्पन्न हो रहे हैं।

माहेश्वरी भवन अंधेरी के तल मंजिल में नये AC लगवाये गये हैं।

निम्नलिखित सुविधाओं से समाजबन्धु लाभान्वित हो रहे है।

1) गिरगांव एवम् अंधेरी भवन के कमरों के आरक्षण हेतु online सुविधा उपलब्ध है।
2) अंधेरी भवन में ठहरने की सुविधा हेतु 5 कमरे तत्काल आरक्षण के अन्तर्गत सभी के लिए उपलब्ध हैं।
3) चिकित्सा हेतु सदस्यों के लिये रियायती दरों पर गिरगांव एवम् अंधेरी भवनों में कमरे उपलब्ध है।

#### व्यवस्थापिका सभा

मण्डल के समस्त वैधानिक एवम् प्रशासकीय अधिकार व्यवस्थापिका सभा में निहित है। मुम्बई निवासियों के सर्वांगीण विकास एवम् सामाजिक व चेरीटेबल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्थापित मण्डल की समस्त गतिविधियों को सुनियोजित एवम् सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने, नीति निर्धारित करने तथा मण्डल की समस्त वैधानिक तथा कार्यकारी सम्बन्धित उत्तरदायित्व व्यवस्थापिका सभा का है। व्यवस्थापिका सभा के अन्तर्गत गठित एवम् कार्यरत सभी केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों एवम् अन्य इकाईयों के कार्यों का सम्पादन सुचारू रूप से होने हेतु समितियों को दिशा-निर्देश एवम् मार्गदर्शन करने का दायित्व भी व्यवस्थापिका सभा का है। वर्तमान में, व्यवस्थापिका सभा के 41 सदस्य हैं तथा प्रतिमाह एक बैठक आयोजित की जाती है। दिनांक 01.08.2024 से 31.07.2025 तक के कार्यकाल में सभा की 15 बैठकें सम्पन्न हुई है। व्यवस्थापिका सभा के अन्तर्गत 8 केन्द्रीय एवम् 24 क्षेत्रीय समितियाँ कार्यरत है जिनमें 9 महिला एवम् 9 युवा समितियों का समावेश है। इस वर्ष आठों क्षेत्रों में क्षेत्रीय समिति के अन्तर्गत 7 सदस्यों की क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक उपसमिति का गठन किया गया है जिसका दायित्व सम्बन्धित समिति के प्रभारी पर रहेगा। 800 से अधिक सक्रिय एवम् कर्मठ कार्यकर्ता है जिसमें लगभग 275 महिलाएं

एवम् 175 युवा हैं । व्यवस्थापिका सभा द्वारा सभी केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों हेतु पालक मार्गदर्शक नियुक्त किये गये हैं जो मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से होते हैं ।

## महिला छात्रावास प्रकल्प

अत्यन्त प्रसन्नता है कि 'Mumbai Maheshwari Seva Foundation", नाम से मण्डल द्वारा Promoted Company (Under Section 8 of the Companies Act 2013) के अन्तर्गत बहु प्रतिक्षित महिला छात्रावास का प्रकल्प पेस्तम सागर, चेम्बूर स्थित Residential Area में मूर्तरूप लेने जा रहा है। 739 sq.mtrs की प्रोपर्टी खरीद ली है जिसका रजिस्ट्रेशन करके दि. 28 दिसम्बर 2024 को Possession ले लिया है। Stamp Duty एवम् Registration सहित इस प्रोपर्टी की लागत लगभग 21 करोड़ रूपये हुई है। कन्याओं/महिलाओं के आवास के अतिरिक्त सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर आधुनिक सुविधाओं सहित लगभग 30 से 35 हजार sq.ft.carpet area का Construction किया जायेगा जिसका Plan BMC में Submit कर दिया गया है। इस प्रकल्प की कुल लागत लगभग 85 करोड़ रूपये होगी। इसे लगभग 2 वर्षों में पूर्ण किया जायेगा। इस प्रकल्प के पूर्ण होने से पूर्व उपनगरीय समाजबन्धुओं की आकांक्षा भी साकार हो जायेगी। समाजबन्धुओं से निम्नानुसार श्रेणियों में CSR / 80G के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त हो रहे हैं।

| Donors Category | Amount Rs. Crs. |
|---|---|
| AA | 11.00 |
| A | 7.00 |
| B | 5.00 |
| C | 2.50 |

| Donors Category | Amount Rs. Crs. |
|---|---|
| D | 1.25 |
| E | 0.51 |
| F | 0.25 |
| G | 0.11 |

## पदाधिकारियों की बैठकें

मण्डल के कार्यों से सम्बन्धित विचार-विमर्श करने एवम् चेरीटेबल व समाजोपयोगी विषयों पर चिन्तन-मनन हेतु पदाधिकारियों की साधारणतया प्रति माह एक बैठक हुई है, जिसमें मण्डल के सभी पूर्व अध्यक्षों को स्थायी रूप से आमंत्रित किया जाता हैं। नीतियों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से चिन्तन हेतु आवश्यकतानुसार पूर्ण एवं अर्ध दिवसीय 'चिन्तन' बैठकें भी आयोजित की जाती है।

## व्यवस्थापिका सभा द्वारा सम्पन्न कार्यों की जानकारी एवम् प्रमुख निर्णय -

### 01. वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण कार्यक्रम रविवार, दि. 5 जनवरी 2025 को षण्मुखानन्द सभागार मे हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि TRAI के चेअरमन श्री अनिलकुमारजी लाहोटी के कर कमलों द्वारा 83 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 51 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा प्रशस्ति पत्र व प्रायोजित नगद पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'ताजमहल का टेन्डर' नाटक का मंचन हुआ। कार्यक्रम में लगभग 1800 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

### 02. कार्यकर्ता सम्मेलन

47 वाँ कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार दि. 12 जनवरी 2025 को प्रात: 9.30 से 2 बजे तक माहेश्वरी भवन अंधेरी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन हुआ। 32 कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव एवं जिज्ञासाएं प्रस्तुत की। लगभग सभी जिज्ञासाओं का समाधान मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा ने अपने समापन उद्‌बोधन में किया। कुछ सुझावों पर व्यवस्थापिका सभा में निर्णय लिये गये जिसकी जानकारी सम्बन्धित कार्यकर्ताओं को अवगत करायी गयी।

### 03. श्रीराम तापड़िया मार्ग का नामकरण समारोह

परम श्रद्धेय स्व. श्री श्रीरामजी तापड़िया को आदरांजलि के रूप में माहेश्वरी भवन अंधेरी के सामने वाले मार्ग का नामकरण श्रीराम तापड़िया मार्ग से करने का समारोह रविवार, दि. 20 अप्रैल 2025 को हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तापड़िया परिवार के सम्माननीय सदस्य, मण्डल के पूर्व अध्यक्षगण, वर्तमान पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता

एवम् समाजबन्धुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। तापड़िया परिवार के सदस्यों एवम् पूर्व अध्यक्षों ने भाईजी के बारे में अपने मनोगत प्रस्तुत किये। तत्पश्चात् रोड के दोनों तरफ के बोर्ड का पूजन एवम् अनावरण मण्डल अध्यक्ष श्री नारायणजी मालपानी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। 250 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। यह कार्य मण्डल के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

### 04. महेश नवमी उत्सव

महेश नवमी उत्सव रविवार, दि. 8 जून 2025 को मा. दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह, विलेपार्ले में लगभग 850 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। विशिष्ट उपलब्धिप्राप्त समाजबन्धुओं का प्रशस्तिपत्र एवम् स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। समाज के 65 कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका 'शिवभक्त महारानी अहिल्याबाई होळकर' की मनमोहक प्रस्तुति की गई जिसकी समाजबन्धुओं ने भूरि भूरि प्रशंसा की। सभी कलाकारों को पुरस्कृत किया गया।

### 05. श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष दशम् पुष्प

श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष के अन्तर्गत सामाजिक चेतना विचार गोष्ठी दशम् पुष्प का आयोजन रविवार दि. 20 जुलाई 2025 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। स्व. श्री श्रीरामजी तापड़िया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् सुमधुर भजन प्रस्तुत किये गये। अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात् ''सफल जिन्दगी के सूत्र'' विषय पर Renowned Mythologist and Writer श्री देवदत्तजी पट्टनायक ने बहुत ही उपयुक्त मार्गदर्शन किया। आपने समाजबन्धुओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा ने कार्यक्रम का संचालन किया। देवदत्तजी पट्टनायक द्वारा लिखित 'मेरी गीता' एवम् 'रामायण बनाम महाभारत' नामक पुस्तकें समाजबन्धुओं में वितरित की गई। लगभग 500 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। मण्डल के YouTube Channel पर लगभग 2100 समाजबन्धुओं ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया।

### 06. सर्वजन हिताय कार्यक्रम

मण्डल एवम् अन्य समितियों द्वारा सम्पादित विभिन्न सर्वजन हिताय कार्यक्रमों की जानकारी निम्नानुसार है :-

- ★ गिरगांव भवन, घाटकोपर भवन एवं अन्धेरी भवन में होम्योपैथिक दवाखाना तथा अंधेरी भवन, बोरीवली प्लॉट एवम् घाटकोपर भवन में Physiotherapy Centre का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है ।
- ★ गोरेगांव एवम् बोरीवली में शीतल प्याऊ का संचालन नियमित व सुचारू रूप से हो रहा है ।
- ★ मण्डल द्वारा निर्मित गोरेगांव स्थित Ozone Therapy Centre का समाजबन्धुओं को रियायती दरों पर लाभ मिल रहा है ।
- ★ प्रतिष्ठित लीलावती अस्पताल-बान्द्रा, बॉम्बे अस्पताल-मरीन लाईन्स, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल-अंधेरी, NM Medical Centres के स्वास्थ्य परिक्षण पेकेजेस एवम् Pulse Hitech Health Services Pvt. Ltd. के Radiology (MRI) Test & Pathology Tests, Metropolis के Pathology Tests एवम् NURA के AI Health Screening Package रियायती दरों पर उपलब्ध करवाये गये है जिनका लाभ समाजबन्धु ले रहे है।

### 07. राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष एवम् अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व महामंत्री श्री राधाकृष्णजी लाहोटी की स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी कोष की स्थापना की गई। इस कोष का मूल उद्देश्य असहाय व्यक्तियों के जीवनयापन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस कोश में समाजबन्धुओं से उनके मांगलिक प्रसंग पर अनुदान लिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रू. 13,41,300/- की धनराशि समाजबन्धुओं से एकत्रित की गई है एवम् रू. 23,53,500/- की धनराशि 133 असहाय व्यक्तियों में वितरित की गई। अतिरिक्त आर्थिक सहायता की पूर्ति मण्डल द्वारा की गई।

## संगठन एवम् जनसेवा समिति

1. मुम्बई में निवास करने वाले प्रत्येक माहेश्वरी परिवार के कम से कम एक सदस्य को मण्डल का आजीवन सदस्य बनाने का प्रयास निरन्तर चल रहा है। कुल 60 दिवंगत सदस्यों की सदस्यता एवम् एक आजीवन सरसवाणी ग्राहक की सदस्यता निरस्त की गई। दि. 01.08.2024 से दि. 31.07.2025 तक 210 आजीवन सदस्य एवम् एक सरसवाणी ग्राहक बने है। तद्नुसार दि. 31.07.2025 को मण्डल की सदस्य संख्या निम्नानुसार है।

| | संरक्षक | मानद् | आजीवन | कुल संख्या | स. आ. ग्राहक |
|---|---|---|---|---|---|
| As on 31.07.2024 | 22 | 01 | 8355 | 8378 | 173 |
| Inactivated Due to Demise | | -- | 60 | 60 | 1 |
| | 22 | 01 | 8295 | 8318 | 172 |
| Add | -- | -- | 210 | 210 | 1 |
| Total As on 31.07.2025 | 22 | 01 | 8505 | 8528 | 173 |

2. दि. 17 से 21 जून 2025 को दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति के साथ में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर गिरगांव भवन में सम्पन्न हुआ। स्वामी श्री भक्तिप्रसादजी महाराज ने लगभग 100 समाजबन्धुओं का इलाज किया।
3. दि. 28 जून 2025 को इगतपुरी वनवासी क्षेत्र की 39 पाठशालाओं में 8000 कापियां निःशुल्क वितरित की गई।

## शिक्षा सहयोग समिति

1. शिक्षा सहायता कोष में जमा एवम् वितरण राशि का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | शिक्षा सहायता कोष में कुल जमा राशि | 2024-2025 राशि रू. | 2023-2024 राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | समाजबन्धुओं से प्राप्त अनुदान | 41,47,762 | 42,02,993 |
| 2 | कोष की जमा राशि पर प्राप्त ब्याज | 1,35,679 | 1,17,580 |
| 3 | ऋण छात्रवृत्ति वापसी | 18,000 | 1,73,000 |
| 4 | विदेश शिक्षा अनुदान वापसी | 5,55,000 | 3,00,000 |
| | कुल | 48,56,441 | 47,93,573 |

| क्र. | शिक्षा सहायता कोष में कुल वितरण राशि | 2024-2025 राशि रू. | 2023-2024 राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | 162 शिक्षार्थियों को ऋण छात्रवृत्ति | 40,50,000 | 34,17,500 |
| 2 | 4 शिक्षार्थियों को विदेश शिक्षा हेतु सहायता | -- | 12,00,000 |
| 3 | 2 शिक्षार्थी को दत्तक योजना के अन्तर्गत | 2,70,381 | 2,19,725 |
| | कुल | 43,20,381 | 48,37,225 |

2. **सुलभ मूल्य कॉपी वितरण योजना -**

इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जून 2025 के प्रथम सप्ताह में अच्छे कागज से बनी कापियां सुलभ मूल्य पर वितरीत की गई। 25 वितरण केन्द्रों द्वारा नोट बुक 500 दर्जन, लोंग बुक 2100 दर्जन एवम् जम्बों बुक 2400 दर्जन कुल 5000 दर्जन कॉपियां वितरित की गई ।

## प्रशिक्षण एवम् पर्यावरण संतुलन समिति

1. दि. 15 फरवरी 2025 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में Succession Plan विषय पर आयोजित चर्चा सत्र सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। Advocate श्री रमेशजी सोनी एवम् CA श्री विजयजी मंत्री का मार्गदर्शन बहुत ही सराहनीय व उपयोगी रहा। लगभग 155 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। मण्डल के YouTube Channel पर इस आयोजन का Live broadcast किया गया था।
2. तुलसी के वैज्ञानिक एवम् सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'एक तुलसी मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत समाजबन्धुओं को तुलसी की उपयोगिता का पत्रक एवम् तुलसी के बीज प्रेषित किये गये।

## विवाह सहयोग समिति

1. विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा संकलन कर इन्हे रजिस्टर्ड प्रत्याशियों एवम् उनके अभिभावकों के लिये अवलोकन हेतु Online उपलब्ध करवाये जाते है।
2. दि. 16 फरवरी 2025 को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित Meet and Greet, Picnic for Singles सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। 24 युवक एवम् 26 युवतियां इस पिकनिक में सम्मिलित हुई।
3. दि.20 अप्रैल 2025 को विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन Together Forever-III का आयोजन माहेश्वरी भवन अंधेरी में सम्पन्न हुआ। प्रत्याशी एवम् अभिभावक की Round the Table Meeting इस आयोजन की विशेषता रही। 144 उच्च शिक्षित युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसमें से 110 प्रत्याशी सम्मिलित हुए।

## संस्कार एवम् सत्संग समिति

1. दि. 27 अप्रैल 2025 को नेरूल स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर एवम् खारघर स्थित नवनिर्मित ISKCON मंदिर दर्शन का कार्यक्रम भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ जिसमें 51 समाजबन्धु सम्मिलित हुए।

## केन्द्रीय महिला समिति

1. दि. 9 अगस्त 2024 को तीज सिंझारा एवम् सातु चूर्ण वितरण उद्घाटन समारोह माहेश्वरी भवन गिरगांव में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। विविध क्षेत्रों एवम् गिरगांव भवन में सातु चूर्ण एवम् तैयार सातु का वितरण सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।
2. दि. 3 सितम्बर 2024 को केशव सृष्टी के वृद्धाश्रम एवम् गौशाला में नन्दोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वृद्धाश्रम को अनुदान, गौशाला में गौदान एवम् गौ के लिए चारा दिया गया। समाज की 55 बहनों ने इस नन्दोत्सव एवम् पिकनिक का आनन्द लिया।
3. दि. 28 नवम्बर 2024 को आयोजित इस्कॉन मंदिर (जुहू) दर्शन एवम् प्रसाद का सम्मिलित 50 बहनों ने लाभ लिया।
4. दि. 8 मार्च 2025 को सभी क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में बिरला मातुश्री सभागार में मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरीजी मधुसूदनजी केला की गरिमामय उपस्थिति में गणगौर महोत्सव, 'गवरजा महारानी' हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 125 समाज के कलाकारों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए भारत के विभिन्न प्रान्तों की रानियों की ऐतिहासिक झलकियां प्रस्तुत की। लगभग 850 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## केन्द्रीय युवा समिति

1. दि. 10 अक्टूबर 2024 को Jio World Convention Center (BKC) में रास गरबा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। उपस्थिति लगभग 425 समाजबन्धुओं की रही।
2. दि. 9 फरवरी 2025 को सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में Maheshwari Mumbai Marathon 2025 का आयोजन माहेश्वरी भवन अंधेरी के परिसर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि, Deputy Commissioner of Income Tax श्री राकेशजी राठी (IRS) के करकमलों से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

लगभग 850 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन में भाग लिया।

3. दि. 28 एवम् 29 जून 2025 को सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी सुपर स्टार 2025 का आयोजन माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 150 समाजबन्धुओं ने भाग लिया।

### इन्फोर्मेशन एण्ड टेक्नोलोजी समिति

1. दि. 19 जनवरी 2025 को माहेश्वरी भवन गिरगांव में How to use Simple AI Tools in daily life विषय पर सेमिनार सम्पन्न हुआ। श्रीमती विदुषीजी डागा का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त व सराहनीय रहा। लगभग 100 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 21 फरवरी 2025 को Advanced Feature of WhatsApp विषय पर Online Workshop सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्रीमती विदुषीजी डागा का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा। 93 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।
3. दि. 22 मार्च 2025 को Cyber Frauds & Digital Arrest विषय पर Online Workshop सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ, जिसका 81 समाजबन्धुओं ने लाभ लिया।
4. दि. 12 अप्रैल 2025 को An Online workshop on How to use Google Forms सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। 60 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।
5. दि. 10 मई 2025 को Advance Excel विषय पर आयोजित Webinar सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ, जिसका 80 समाजबन्धुओं ने लाभ लिया।
6. जुलाई 2025 से माहेश्वरी प्रगति मण्डल के Mobile App का शुभारम्भ हो गया है जो, Android व Apple फोन के लिये उपलब्ध है।

### घाटकोपर क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी उत्सव माहेश्वरी भवन घाटकोपर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। उपस्थिति लगभग 70 समाजबन्धुओं की रही।
2. दि. 12 अक्टूबर 2024 को विजया दशमी के पर्व पर सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री सुन्दरकाण्ड मित्र मण्डल, डोम्बिवली द्वारा प्रस्तुत किया गया। लगभग 75 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
3. दि. 10 नवम्बर 2024 को दीपावली स्नेह मिलन एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन माहेश्वरी भवन घाटकोपर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। श्री श्यामजी झा एवम् श्री निलेशजी झा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति हुई। लगभग 240 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
4. दि. 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर घाटकोपर भवन में रुद्राभिषेक का आयोजन भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 45 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
5. दि. 14 मार्च 2025 को होली स्नेहमिलन का आयोजन माहेश्वरी भवन घाटकोपर में हर्षोल्लास से हुआ। समाज के कलाकारों द्वारा अन्ताक्षरी एवम् गीत-संगीत का सभी ने आनन्द लिया। लगभग 90 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

### घाटकोपर क्षेत्रीय समिति

1. दि. 2 फरवरी 2025 को घाटकोपर-विक्रोली हाईवे पर Walkathon का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 35 समाजबन्धुओं ने इसमें भाग लिया।
2. दि. 16 फरवरी 2025 को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन पर आयोजित 'एकला चलो रे' विषय पर डॉ. लकी कासट द्वारा Motivational Speech का आयोजन घाटकोपर भवन में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 45 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 20 अगस्त 2024 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में तीज सिंझारा एवम् मेहंदी का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 45 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।
2. दि. 22 अगस्त 2024 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में नीमड़ी पूजन की व्यवस्था की गई थी जिसका लगभग 150 बहनों ने लाभ लिया।
3. दि. 11 दिसम्बर 2024 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में श्रीमद् भगवत्गीता का पाठ एवम् भजन का कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। जिसमें 50 बहनों ने लाभ लिया।
4. दि. 18 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में हल्दी कुंकुम का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 50 बहनों ने विविध मनोरंजक कार्यक्रम का लाभ लिया।
5. दि. 30 मार्च 2025 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में गणगौर सिंझारा का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 50 बहनों की उपस्थिति रही।
6. दि. 31 मार्च 2025 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में गणगौर पूजन की व्यवस्था की गई जिसका 40 बहनों ने लाभ लिया।
7. दि. 22 अप्रैल 2025 को Nature Trail at Malabar Hill की सैर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। सभी बहनों ने प्राकृतिक सौंदर्य, बाबूलनाथ मंदिर व इस्कॉन मन्दिर दर्शन का लाभ लिया। 20 बहनें इस आयोजन में सम्मिलित हुई।
8. दि. 21 जून 2025 को योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्रीमती उर्मिलाजी धूत एवम् श्रीमती तृप्तिजी माहेश्वरी का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। लगभग 30 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।

## घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 अगस्त 2024 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर माहेश्वरी भवन घाटकोपर में ध्वजारोहण एवम् देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 30 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 13 अक्टूबर 2024 को डांडिया एवम् गरबा रास का मनमोहक आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें 80 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
3. दि. 15 दिसम्बर 2024 को नारायणगुरू कॉलेज, चेम्बूर के Ground पर Turf Cricket Tournament का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 8 टीम के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। लगभग 120 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## घाटकोपर क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति

1. दि. 12 अप्रैल 2025 को सुन्दरकाण्ड पाठ भक्तिभाव से श्रीमति कृष्णाजी नौगजा के निवासस्थान पर सम्पन्न हुआ। लगभग 45 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 26 अप्रैल 2025 को Musical Evening का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 30 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## गोरेगांव क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 10 नवम्बर 2024 को दीपावली स्नेह मिलन,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन माहेश्वरी भवन अंधेरी में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। 47 मेधावी विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। राजस्थानी थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का सभी ने आनन्द लिया। लगभग 350 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

2. दि. 15 मार्च 2025 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में होली स्नेहमिलन का कार्यक्रम एवम् हास्य कवि सम्मेलन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कविवर्य श्री सुभाषजी काबरा द्वारा संचालित काव्यपाठ का सभी ने आनन्द लिया। उपस्थिति लगभग 375 समाजबन्धुओं की रही।
3 दि. 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक केशव सृष्टी, भायन्दर में बच्चों के लिए Summer Splash 2025 शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। शिविर में विविध कार्यक्रमों के साथ Shine as a Parent कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें बच्चों एवम् उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कुल 170 बच्चे इस शिविर में सम्मिलित हुए।

### गोरेगांव क्षेत्रीय समिति

1. दि. 3 से 16 अप्रैल 2025 तक आयोजित युरोप यात्रा (ऑस्ट्रिया, स्विजरलेन्ड एवम् पेरिस) हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 96 समाजबन्धु इस यात्रा में सम्मिलित हुए।

### गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 24 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में केशव सृष्टी भायन्दर के वृद्धाश्रम में विविध प्रकार की सहायता प्रदान की गई।
2. दि. 11 फरवरी 2025 को एक्युप्रेशर एवम् सुजोग थेरेपी विषय पर कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। श्रीमती जयन्तीजी काबरा का मार्गदर्शन उपयुक्त रहा। लगभग 35 बहनों की उपस्थिति रही।
3. दि. 16 फरवरी 2025 को पालघर के जव्हार गांव में आयोजित सामुहिक विवाह में सहायता प्रदान की।
4. दि. 31 मार्च 2025 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में 24 बहनों के गणगौर उद्यापन का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 500 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।
5. दि. 21 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। सुश्री सुनीताजी समदानी एवम् सुश्री वर्षाजी अय्यर का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। लगभग 30 बहनों ने इस शिविर का लाभ लिया।
6. दि. 27 जुलाई 2025 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में छोटी तीज का उद्यापन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। 9 बहनों ने उद्यापन करवाएं, उपस्थिति 185 बहनों की रही।

### गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति

